CIN: L45202HR2019PLC080514
SAR TELEVENTURE LIMITED
Formerly Known as Sar Televenture Pvt. Ltd.
Reg Off.: Plot No. 346 A, 2nd Floor, Udyog Vihar, Phase-4, Gurugram-122016 Haryana
Contact: +91-8587050050
Email Id: info@sarteleventure.com

July 20, 2024

The Manager, Listing
NSE Emerge (National Stock Exchange of India Ltd.)
Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai-400051

Symbol: NSE: SARTELE

Re: ISIN: INE0PUC01020

Dear Sir/Madam,

Subject: Submission of Copies of Publication to Stock Exchange, published pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Pursuant to the Provisions of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith Corrigendum Ad published in one English and Hindi Newspaper on 19th July, 2024.

Kindly acknowledge the receipt and take it on record.

You are requested to take the above information on records.

Thanking You
Yours Faithfully

For **SAR Televenture Limited**
ABHISHEK JAIN
Digitally signed by ABHISHEK JAIN
Date: 2024.07.20 12:50:29 +05'30'
Abhishek Jain
Company Secretary & Compliance Officer
Mem No.: F11940

Need unambiguous, clear focus on inflation: Das

Guv says RBI's target is inflation, not a neutral rate of interest

ANJALI KUMARI & SUBRATA PANDA
Mumbai, 19 July

The Reserve Bank of India (RBI) needs to focus "clearly" and "unambiguously" on inflation, especially amidst sustained economic growth, RBI Governor Shaktikanta Das said on Friday.

"...our target is inflation and we are supposed to keep growth in mind", Das said while speaking at the *Financial Express* Modern BFSI Summit.

"We monitor the growth numbers very carefully and I have said it on a number of occasions that the RBI Act mandates the central bank to maintain price stability (maintaining inflation at 4 per cent), keeping in mind the objective of growth. So, in all our monetary policy decisions, the growth aspect is always kept in mind," he said. Das underscored that economic growth in the country has been robust, with an average growth rate of 8.3 percent over the last three years.

"This year our projection is 7.2 per cent and we are optimistic that 7.2 per cent will be achieved. In fact, we believe the April–June quarter growth has been 7.4 per cent. And growth momentum in Q2 continues to be strong. So, growth is holding steady hence we have to focus clearly and unambiguously on inflation", Das said.

The domestic-rate setting panel has kept the repo rate unchanged at 6.50 per cent since February 2023 in order to achieve the 4 per cent inflation target on a durable basis.

Commenting on the neutral rate of interest. Das said, "Earlier, the neutral rate was pegged at 0.8 – 1 per cent, immediately in the aftermath of the pandemic when potential growth was low. Now that Covid is well behind us, the potential growth has gone up and the neutral rate of interest is pegged in the range of 1.4 – 1.9 per cent. So, even if we were to argue that the real rates are high, it is not so".

He said RBI's target is inflation and not a neutral rate of interest.

Responding to a question on allowing business houses to get into banking, Das said, "What India needs is not proliferation in the number of banks but sound, healthy, and well governed banks". "Experience world over has shown that real sector companies when they enter the banking space, there are potential conflicts of interest and also there are issues related to related party transactions. It will be very difficult to monitor or prevent the related party transactions. So, the risks involved are very high", he added.

> EXPERIENCE HAS SHOWN WHEN REAL SECTOR COMPANIES ENTER THE BANKING SPACE, THERE ARE POTENTIAL CONFLICT OF INTEREST AND ISSUES RELATED TO RELATED-PARTY TRANSACTION"
>
> **Shaktikanta Das**
> RBI Governor

However, he highlighted that RBI is open to receiving new applications for setting up universal banks. "I am not implying for a moment that the number of banks present is enough and no more licenses will be granted. All I am saying is that, if applications are received, we will take a call", he said.

The RBI governor reiterated his concerns about the sluggish growth in deposits, highlighting potential risks to the financial system from structural liquidity issues. "While there could be a debate regarding 'deposits funding loans' vis-à-vis 'loans funding deposits', the current regulatory concern stems from the fact that there could be structural changes happening which banks need to recognise and, accordingly, devise their strategies", Das said, adding that with credit growth remaining strong, banks need to continuously focus on improving and refining their credit underwriting standards and pricing of risks.

He also highlighted the worrying rise in digital frauds, particularly those involving mule bank accounts. Banks need to strengthen their customer onboarding and transaction monitoring systems to monitor unscrupulous activities, including suspicious and unusual transactions. This also requires effective co-ordination with the Law Enforcement Agencies so that the concerns occurring at a systemic level are detected and curbed in time, Das said.

"The Reserve Bank is working with banks and Law Enforcement Agencies to strengthen transaction monitoring systems and ensure sharing of best practices for control of mule accounts and prevention of digital frauds", he added.

He also commented on the rise in the unsecured portfolios of banks and non-bank financing companies. He highlighted that since November 2023, when risk weights for such loans were increased to prevent excessive risk accumulation, there has been a noticeable moderation in these targeted segments.

Deposits remain preferred saving instrument but equity gains steam

RBI paper says investment funds' share up over 50% between FY12 and FY23

ANJALI KUMARI
Mumbai, 19 July

Indian households are moving beyond bank deposits and increasingly exploring avenues such as equity instruments and investment funds to deploy their savings, according to a research paper authored by the RBI staff.

While deposits have maintained their dominant position in the total financial wealth of households over the last decade, there has been a growing interest in other investment instruments such as equity and investment funds, insurance, and pension funds. Additionally, the share of equity and investment funds in the total financial wealth of households increased by more than 50 per cent between 2011-12 and 2022-23, the report said.

RBI Governor Shaktikanta Das also noted that households and consumers, who traditionally relied on banks for parking or investing their savings, were increasingly turning to capital markets and other financial intermediaries. "While bank deposits continue to remain dominant as a percentage of financial assets owned by households, their share has been declining with households increasingly allocating their savings to mutual funds, insurance funds, and pension funds. To be precise, households are increasingly turning to other avenues for deploying their savings instead of banks," Das said.

> According to the RBI paper, as of March 2023, total household financial assets were estimated at ₹363.8 trillion

According to the RBI paper, as of March 2023, total household financial assets were estimated at ₹363.8 trillion, equivalent to 135 per cent of the GDP. In contrast, outstanding liabilities amounted to ₹101.8 trillion, accounting for 37.8 percent of GDP. Thereby, the resultant net financial wealth (NFW) stood at ₹262.0 trillion, or 97.2 per cent of GDP. The pandemic period witnessed a jump in the financial assets and NFW for the two-year period from March 2020 to March 2022. However, with the resumption of economic activities in 2022-23, the NFW normalised due to a strong revival in bank and non- bank lending to households coupled with relatively moderate growth in financial assets, the paper said.

It also states that the participation of Indian households in the equity market has significantly increased over time. The share of households in total market capitalisation from March 2010 to March 2023 averaged around 14.5 per cent, experiencing a generally rising trend with intermittent fluctuations.

Foreign banks emerge largest debt investor

ANJALI KUMARI
Mumbai, 19 July

Foreign banks have emerged as the largest investors, with their investments exceeding the value of net inflows into JP Morgan index-eligible bonds, according to the state of the economy report by the Reserve Bank of India

The report, however, said the views expressed in the bulletin article are of the authors and do not represent the views of the RBI.

Since June 1 of the current year, foreign portfolio investors (FPIs) have infused ₹26,251 crore into the debt segment, according to data from the Clearing Corporation of India.

Foreign banks have bought more than $6 billion worth of debt since June 1, while Indian government securities designated under the fully accessible route (FAR) witnessed ₹23, 351 crore worth of inflows in the same period.

Out of 38 bonds under FAR, only 29 meet the eligibility criteria for the JP Morgan bond index, which requires a face value of over $1 billion and a remaining maturity of more than 2.5 years.

Ahead of the inclusion of Indian sovereign bonds in the JP Morgan index, FPIs have increased their ownership of these bonds by over $10 billion, the report highlighted.

Since the official inclusion on June 28, foreign investors have infused ₹10,641 billion in the debt segment. FAR securities received ₹8,959 crore in the same period.

INFLOW ANALYSIS

FPI inflows in debt (in ₹cr)



Source: NSDL

The report further mentioned that some of the world's largest sovereign wealth funds have significantly increased their investments in India.

Despite volatility caused by market expectations regarding future monetary policy and fluctuations in the US dollar (DXY), the rupee has been trading within a tight range, resulting in lower currency hedging costs. Reports indicate that the euro is now preferred for funding long rupee carry trades, the report said.

HDFC Bank CSR spend crosses ₹945 cr in FY24

HDFC Bank has incurred ₹945 crore expenditure towards corporate social responsibility (CSR) initiatives in FY24, marking an increase of nearly ₹125 crore from FY23, according to its annual report. Through its CSR brand, the bank is concentrating on creating sustainable livelihoods for marginalized communities, across 28 states and 9 UTs, it said. BS REPORTER

ICICI Lombard logs 49% rise in Q1 profit

India's ICICI Lombard General Insurance reported a nearly 49 per cent jump in first-quarter profit on Friday, helped by an increase in premiums in its motor and health insurance segments. Profit after tax rose to ₹580 crores for the quarter ended June 30 from ₹390 billion crores a year earlier, the company said in an exchange filing. PTI

कमजोर संकेतों से बढ़त का सिलसिला थमा

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 19 जुलाई

भारतीय शेयर सूचकांकों में चार दिन से चली आ रही बढ़त का सिलसिला थम गया और कारोबारी सत्र की समाप्ति गिरावट के साथ हुई, जिसकी अगुआई इंडेक्स की दिग्गज रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे से पहले उसमें आई गिरावट ने की, साथ ही वैश्विक संकेतक भी कमजोर रहे।

दुनिया भर में कंप्यूटर प्रणाली ठप होने से ट्रैवल से लेकर बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुईं और इसने भी निवेशकों को चिंता में डाला।

बेंचमार्क सेंसेक्स ने सत्र की शुरुआत नई ऊंचाई को छूकर की, लेकिन बाद में सारी बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स ने 739 अंकों की गिरावट के साथ 80,605 पर कारोबार की समाप्ति की। निफ्टी-50 इंडेक्स ने कारोबारी सत्र के दौरान 24,855 की ऊंचाई को छुआ, लेकिन अंत में 270 अंकों की गिरावट के साथ 24,531 पर बंद हुआ। दोनों सूचकांकों ने सप्ताह की समाप्ति 0.1-0.1 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ की। दोनों सूचकांकों के लिए बढ़त का लगातार सातवां सप्ताह था और निफ्टी दिसंबर के बाद बढ़त के सबसे लंबे सिलसिले के बराबर पहुंच गया। सेंसेक्स के लिए बढ़त का यह सिलसिला जनवरी 2021 के बाद का सबसे लंबा सिलसिला है। शुक्रवार की गिरावट से निवेशकों की 7.9 लाख करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां स्वाहा हो गईं।

रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.9 फीसदी गिरा और सेंसेक्स की गिरावट में सबसे बड़ा हाथ इसी का रहा। इसके बाद 5.2 फीसदी गिरने वाले टाटा स्टील का स्थान रहा। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शेयर इन्फोसिस ने बढ़त में सबसे ज्यादा योगदान किया और कुछ नुकसान की भरपाई में मदद की। गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद तिमाही नतीजे घोषित करने वाली इन्फोसिस ने 2024-25 के लिए राजस्व अनुमान बढ़ाकर 3 से 4 फीसदी कर दिया है जबकि पिछली तिमाही में उसने 1 से 3 फीसदी की बढ़त का अनुमान जताया था।



बाजारों का लेखाजोखा

- रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.9 फीसदी गिरा और सेंसेक्स की गिरावट में सबसे बड़ा हाथ इसी का रहा
- सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शेयर इन्फोसिस ने बढ़त में सबसे ज्यादा योगदान किया और कुछ नुकसान की भरपाई में मदद की
- शुक्रवार की गिरावट से निवेशकों की 7.9 लाख करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां स्वाहा हो गई

विश्लेषकों ने सूचकांकों में गिरावट की वजह बजट से पहले हुई मुनाफावसूली को बताया।

जियोजित फाइनैंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, देसी बाजार ने गिरावट के साथ कारोबार की समाप्ति की क्योंकि वैश्विक स्तर पर बिकवाली हुई, जिसकी वजह ऑपरेटिंग सिस्टम का मसला था और इस वजह से दुनिया भर में उपकरण धराशायी हुए। वैश्विक आईटी आउटेज से भारत के विभिन्न उद्योगों में अवरोध खड़ा हुआ। ज्यादा मूल्यांकन वाले बाजार से भी बजट पूर्व मुनाफावसूली हुई। उद्योग के हक में और लोकलुभावन बजट के अनुमान से हालिया प्रदर्शन बेहतर रहा है।

ग्लोबल आउटेज के कारण एविएशन व ब्रोकिंग फर्मों ने अपने कामकाज में कुछ अवरोध का सामना किया, जिससे उनके शेयर गिरे।

4 जून को लोक सभा चुनाव के नतीजे के दिन तेज गिरावट के बाद भारतीय इक्विटी बाजार मोटे तौर पर बढ़त की राह पर रहे हैं। चुनाव नतीजे के दिन के निचले स्तर से निफ्टी करीब 15 फीसदी उछला है, जिसे नीतिगत निरंतरता की उम्मीद और मजबूत आर्थिक संकेतकों से सहारा मिला है। बाजार की दिशा इस पर निर्भर करेगी कि क्या एफपीआई का निवेश जारी रहता है और अगले हफ्ते बजट से क्या निकलकर आता है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, निवेशक भी 23 जुलाई को बजट पेश होने से पहले सतर्क हैं, जो बाजार के लिए अगली दिशा मुहैया कराएगा। आय का सीजन भी रफ्तार पकड़ेगा, जिसके बाद शेयर विशेष पर कदम देखने को मिलेंगे।

बाजार में चढ़ने-गिरने वाले शेयरों का अनुपात कमजोर रहा और 3,071 शेयर चढ़े जबकि 858 में गिरावट आई। चार को छोड़कर सेंसेक्स के सभी शेयर नुकसान में रहे।

लोकलुभावन राह पर चलेगा बजट : क्रिस वुड

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 19 जुलाई

जेफरीज में इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों के दौरान इक्विटी में तेजी के बावजूद भारत अभी भी इक्विटी लोकप्रियता के शुरुआती चरण में है।

उनका मानना है कि 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले बजट में अगर इक्विटी के लिए पूंजीगत लाभ कर में कोई भी बदलाव (दीर्घावधि और अल्पावधि, दोनों) किया गया तो इससे 4 जून को लोक सभा चुनाव के नतीजों के बाद बाजारों में जो गिरावट देखी गई थी, उससे कहीं ज्यादा गिरावट को बढ़ावा मिल सकता है। 4 जून को भाजपा स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी, हालांकि वह गठबंधन सहयोगियों की मदद से सरकार बनाने में सफल रही।

भारतीय शेयर बाजारों के भविष्य के बारे में वुड का यह विश्वास पिछले कुछ वर्षों में छोटे निवेशकों (जिसमें म्युचुअल फंड भी शामिल हैं) की बढ़ती भागीदारी से पैदा हुआ है, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयर बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे आशाजनक परिसंपत्ति प्रबंधन वाले बने हुए हैं, यहां तक कि इस साल की शुरुआत में आम चुनावों में भाजपा के बहुमत खोने के बावजूद भी बाजार अपनी लड़खड़ाई चाल को ठीक करने में कामयाब रहे।

निवेशकों को भेजी अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट ग्रीड ऐंड फियर में वुड ने लिखा है, 'याद रखें कि शेयर बाजार में केवल एक ही दिन बड़ी गिरावट आई थी और तब (4 जून) से अब तक 13.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस संदर्भ में छोटे निवेशक की क्षमता और बढ़ गई कि छोटे निवेशकों ने खरीदारी की जबकि पेशेवरों ने बिकवाली, और अब तक खुदरा निवेशक सही दिख रहे हैं।

बढ़ता स्वामित्व

रिटेल निवेशकों और म्युचुअल फंडों का शेयर स्वामित्व वित्त वर्ष 2021 के अंत में 16.6 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2024 के अंत में बढ़कर 18.4 प्रतिशत हो गया। दूसरी तरफ, भारतीय शेयरों में एफआईआई की भागीदारी समान अवधि में 22.1 प्रतिशत से घटकर 19.9 प्रतिशत रह गई। शेयर बाजार का पूंजीकरण अब 5.2 लाख करोड़ डॉलर हो गया है, जो मार्च 2020 के निचले स्तर 1.3 लाख करोड़ डॉलर से 296 प्रतिशत अधिक है।

बजट 2024 पर रहेगी नजर

वुड का कहना है कि 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट पर नजर रखी जानी चाहिए, ताकि भाजपा गठबंधन में शामिल दो छोटे दलों की मांगों को पूरा किया जा सके। हालांकि, उनका सुझाव है कि ऐसी मांगों को पूरा करने के लिए बजट आवंटन आशंका से कम होगा।

वुड ने कहा कि बजट में पूंजीगत लाभ कर की दर में बदलाव हुआ तो बड़ी गिरावट मुमकिन

पूंजीगत लाभ कर की दर में संभावित वृद्धि के बारे में पहले की तुलना में कम चिंता दिख रही है। ऐसा माना जा रहा है कि कम जनादेश के कारण पुनः निर्वाचित सरकार द्वारा ऐसा कदम (कर वृद्धि) उठाने की आशंका नहीं है। फिर भी यदि यह अनुमान गलत साबित होता है, और पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि की जाती है, तो इससे चुनाव के बाद हुई गिरावट (4 जून) से भी बड़ी बिकवाली को बढ़ावा मिल सकता है।

सरकारी वेल्थ फंडों, पेंशन फंडों को मिलती रहेगी कर राहत

खुशबू तिवारी
मुंबई, 19 जुलाई

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने सॉवरिन यानी सरकारी वेल्थ फंडों और पेंशन फंडों को कर राहत का विस्तार 31 मार्च, 2025 तक कर दिया है, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो चुका था। इस बदलाव के साथ फंड अब भारत में निवेश पर अर्जित लाभांश आय, ब्याज आय या लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर पर छूट का फायदा लेते रहेंगे। यह घोषणा सबसे पहले इस साल अंतरिम बजट में की गई थी और कर प्राधिकरण ने 18 जुलाई को इसे अधिसूचित किया।

नांगिया एंडरसन एलएलपी के पार्टनर (वित्तीय क्षेत्र) सुनील गिडवानी ने कहा, इस कदम का बुनियादी क्षेत्र व इन्फ्रा फंड स्वागत करेंगे क्योंकि इनकी परियोजनाएं लंबी अवधि तक चलती है, ऐसे में इसका विस्तार लंबी अवधि के लिए होना चाहिए।

आयकर अधिनियम की धारा 10 (23 एफई) सॉवरिन फंडों व पेंशन फंडों को लाभांश, ब्याज और लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर पर छूट देता है जो भारत में अप्रैल 2020 के बाद इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किए गए निवेश पर हासिल हो।

एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, सॉवरिन वेल्थ फंडों की परिसंपत्तियां जून में 5.25 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं पेंशन फंडों की परिसंपत्तियां 6.02 लाख करोड़ रुपये। हालांकि कर राहत पाने के लिए फंडों को कुछ निश्चित शर्तों को पूरा करना होता है।

विश्लेषकों ने कहा, पहली तिमाही के बाद

आईटी में इन्फोसिस शानदार दांव

शिवम त्यागी
नई दिल्ली, 19 जुलाई

इन्फोसिस का शेयर बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर आज दिन के कारोबार में 4.76 प्रतिशत चढ़कर 1,843 रुपये पर बंद हुआ। यह पिछले 52 हफ्ते में इस शेयर का सबसे ऊंचा भाव है। इन्फोसिस का अमेरिका में सूचीबद्ध अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसीट्स (एडीआर) भी न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर 8.38 प्रतिशत बढ़कर 22.50 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले चार साल में कंपनी के एडीआर में यह सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त रही।

यह तेजी वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में इन्फोसिस के शानदार नतीजे पेश होने के बाद आई है। देश की इस दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने समूचे वित्त वर्ष 2025 के लिए अपेक्षा से बेहतर वृद्धि का अनुमान भी जाहिर किया है। जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले के मुकाबले 7.1 प्रतिशत बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो ब्लूमबर्ग द्वारा जताए गए 6,248 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक था। मगर जनवरी-मार्च 2024 की तिमाही के मुकाबले यह 20.4 प्रतिशत कम हो गया। जून तिमाही में परिचालन से इन्फोसिस का राजस्व भी अप्रैल-जून 2023 के मुकाबले 3.6 प्रतिशत तक बढ़कर 39,315 करोड़ रुपये हो गया। आईटी दिग्गज ने इस मोर्चे पर 38,810 करोड़ रुपये के ब्लूमबर्ग के अनुमान को धता बता दिया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 3-4 प्रतिशत राजस्व वृद्धि का अनुमान भी जताया है, जो बाजार के 1 से 3 प्रतिशत इजाफे के अनुमान से ज्यादा है।

विश्लेषकों का कहना है कि वित्त वर्ष 2025 के लिए राजस्व के हैरत में डालने वाले अनुमान की तीन वजहें हैं - पहली तिमाही में अपेक्षा से बेहतर राजस्व, कंपनी को मिले बढ़िया सौदे और 2025 के बाकी हिस्से में इन-टेक अधिग्रहण का प्रभाव।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के विश्लेषकों ने कहा कि तक खास परियोजना में कीमत के फायदे से कंपनी की राजस्व वृद्धि 50 आधार अंक बढ़ गई। इसे हटाने पर भी वृद्धि ब्रोकरेज के अनुमान से ज्यादा रही। लगातार छह तिमाहियों से गिर रहा कंपनी का बीएफएसआई क्षेत्र एक बार फिर वृद्धि की पटरी पर लौट आया क्योंकि बड़े सौदों ने उसे सहारा दिया। बीएफएसआई क्षेत्र 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा, जिसके बाद लाइफसाइंसेज और निर्माण में 3.3 प्रतिशत तक इजाफा दर्ज किया गया। इसके बाद ऊर्जा और यूटिलिटी तथा दूरसंचार में भी पिछली तिमाही के मुकाबले 1 से 3 प्रतिशत तक इजाफा दिखा। लेकिन हाई-टेक और रिटेल जैसे क्षेत्रों में पिछली तिमाही के मुकाबले 5 प्रतिशत और 0.3 प्रतिशत गिरावट आई। एबिटा मार्जिन 21.1 प्रतिशत रहा, जिसे एक विशेष परियोजना से बढ़त मिली मगर वैरिएबल पे और लीव एनकैशमेंट पर अधिक खर्च के कारण यह बढ़त बराबर हो गई पिछली तिमाही में इन्फोसिस ने 4.1 अरब डॉलर के कुल 34 बड़े सौदे किए, जो पिछले साल अप्रैल-जून से 79 प्रतिशत अधिक रहे मगर इसी साल जनवरी-मार्च से 8.9 प्रतिशत कम है। कंपनी के कर्मियों की कुल संख्या भी अप्रैल तिमाही से 1,900 तक घटकर 3,15,332 रह गई। नुवामा ने 2,050 रुपये के कीमत लक्ष्य के साथ इन्फोसिस को खरीदने की सलाह दी है। नोमुरा, जेफरीज समेत कई ब्रोकरों ने इस शेयर पर सकारात्मक नजरिया अपनाया है।

बढ़ती उम्मीद

- इन्फोसिस का शुद्ध लाभ जून तिमाही में एक साल पहले के मुकाबले 7.1 प्रतिशत बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये पर पहुंच गया
- तिमाही के दौरान इन्फोसिस ने कुल 4.1 अरब डॉलर के 34 बड़े सौदे किए

एमएफ एयूएम 100 लाख करोड़ रुपये के पार जाएगा : इक्रा एनालिटिक्स

अभी करीब 61 लाख करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का प्रबंधन करने वाला म्युचुअल फंड उद्योग अगले दो से तीन साल में 100 लाख करोड़ रुपये की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) के पार निकलने की राह पर है। इक्रा एनालिटिक्स ने एक रिपोर्ट में ये बातें कही है। उद्योग ने दिसंबर 2023 के बाद की छह महीने की अवधि में रिकॉर्ड 10.38 लाख करोड़ रुपये एयूएम में जोड़े हैं। इक्रा एनालिटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा, भारतीय वित्तीय बाजार की सुदृढ़ता और भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि का सुधरता परिदृश्य निवेशकों के भरोसे को मजबूत कर रहा है, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है।

निप्पॉन इंडिया एएमसी का लाभ 41 फीसदी बढ़ा

निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी का शुद्ध लाभ जून में समाप्त पहली तिमाही में 332 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 41 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि यह लाभ इससे पिछली तिमाही के मुकाबले 3 फीसदी कम है। कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 43 फीसदी की बढ़त के साथ 505 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल आय 35 फीसदी बढ़कर 636 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने कहा कि उसका औसत तिमाही एयूएम जून तिमाही में 4.8 लाख करोड़ रुपये रहा,

रेटिंग एजेंसियों, ईआरपी को गिफ्ट सिटी में कामकाज की इजाजत

सेबी ने क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं को गिफ्ट सिटी में इंटरनैशनल फाइनैंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) में कामकाज की अनुमति दे दी। नियामक ने कहा कि सेबी पंजीकृत इन इकाइयों के कामकाज से जुड़े किसी मसले को वहां नियामकीय अधिकरण देखेगा। सेबी ने कहा, आईएफएससीए वहां क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की तरफ से दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित शिकायतों, प्रवर्तन की कार्रवाई और तीसरे पक्षकार को सूचनाएं मुहैया कराने (सांविधिक व न्यायिक निकायों समेत) के मामले को देखेगा। बीएस